अगस्त से चालू होगा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे

बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का काम दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश

लखनऊ। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को अगस्त से और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे को दिसंबर में चालू कर दिया जाएगा। मुख्य सचिव आरके तिवारी ने इसके लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस का निर्माण कार्य 15 अगस्त तक और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के मुख्य कैरिज-वे को दिसंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव वह मंगलवार को पूर्वांचल, बुंदेलखंड, गंगा और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं, डिफेंस कॉरिडोर और जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की इस बैठक में अधिकारियों से कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के कार्यों में तेजी लाते हुए उसे समय पर पूरा करें। गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य जुलाई में ही पूरा करने पर जोर दिया।

उप्र एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के सीईओ अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का कार्य पूरा होने की ओर हैं। ब्यूरो